9 वीं कक्षा प्रथम योगात्मक परीक्षा 2019-20 अंक : 40

विषय : हिंदी

I निम्न लिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये है, उनमें से सही उत्तर चुनकर लिखिए। 4*1=4

1. पिता का अन्यलिंग रूप है ___

A. माता B. बहन C. काकी D.मौसी

2. इनमें से गलत का विलोम शब्द है ___

A. कम B. सही C. गम D.बडा

3. जलवायु का समनार्थक शब्द है ___

A. पानी B. पवन C. सागर D. मौसम

4. इनमें से प्रथम प्रेरणार्थक शब्द है __

A. सुन B. सुनना C. सुनाना D. सुनवाना

II निम्न लिखित प्रथम दो शब्दो के सूचित संबंधो के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए । 2*1=2

5. मौसी : मौसी – बच्चों का प्रेम : : गुलाब सिंह : ________

6. हरी बत्ती : चलना : : लाल बत्ती : ________

III निम्न लिखित प्रश्नो के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : 2*1=2

7. थाली में क्या जल रहा था ?

8. पचास पैसे में नारियल कहा मिलनेवाले थे ?

IV निम्न लिखित प्रश्नो के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 5*2=10

9. ब्राह्मण के घर में सब लोग क्यों रो रहे थे ?

10. बाबू भाई मन-ही-मन क्या सोचने लगे ?

11. चौराहों पर दिये गये संकेतों को विस्तार से बताइए ।

12. कल्पना चावला को प्यार से क्या कहा जाता था और उनकी बचपन की आकाक्षा क्या थी ?

13. निम्न लिखित वाक्यों को कन्नड में अनुवाद कीजिए ।

बहन ने भाई के माथे पर तिलक लगाया, चावल बिखराए , तब भाई ने बहन के पैर छुए और विदा ली ।

V निम्न लिखित प्रश्नो के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 4*3=12

14. विवेकानंद ने जनता को ललकार कर क्या कहने को कहा ?

15. बच्चो ने मिलकर मौसी की सेवा किस प्रकार की ?

16. माइती बाजार के बारे में लिखिए ।

17. परिसर की रक्षा के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए ?

VI 18. निम्न लिखित कवितांश को पूर्ण कीजिए : 1*4=4

कमल -- माता

VII गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1*2=2

19. मनुष्य सामाजिक प्राणी हैं। वह कभी कोई कार्य अपने आप नही कर सकता हैं। वह दूसरों की सहायता लेता हैं। समाज में उसे अच्छे लोगों के साथ - साथ बुरे लोग भी मिलते हैं। यदि वह अच्छे लोगों की संगति में रहेगा तो उस पर अच्छा प्रभाव पडेगा। बुरे लोगों की संगति का बुरा प्रभाव पडता हैं। बुरे लोग स्वयं अपनी हानि करते हैं और समाज को भी नुकसान पहुचाते हैं। मनुष्य को चाहिए के वह अच्छे लोगों के साथ उठे-बैठे और अच्छा फल प्राप्त करे।

. समाज में किस तरह के लोग रहते हैं ?

. अच्छे लोगों की संगति से क्या होता हैं ?

VIII निम्न लिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1*4=4

20. कोई कारण देते हुए एक दिन की छुट्टी पत्र लिखिए :

अथवा

शैक्षणिक प्रवास जाने के लिए अनुमति और प्रवास शुल्क 500 रूपये माँगते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए।